# बिहार कौशल विकास मिशन,
# श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार
निेयोजन भवन, बेली रोड, पटना।

## बिहार कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत विभिन्न पदों पर संविदा आधारित नियोजन हेतु विज्ञापन

विज्ञापन संख्या - 02 तिथि- 06/02/2023



बिहार सरकार द्वारा कौशल विकास के विभिन्न कार्यक्रमों एवं संकल्पों का मिशन मोड में क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, प्राथमिकताओं की अवधारणा, अवधारित लक्ष्यों को प्राप्त करने तथा नियमित अनुश्रवण करने हेतु तथा वैश्विक बाजार में राज्य के युवाओं को प्रतिस्पर्धात्मकता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक स्वतंत्र गैर लाभकारी, स्वायत्त सोसायटी बिहार कौशल विकास मिशन की स्थापना की गई है। बिहार कौशल विकास मिशन का ध्येय संस्थागत व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा नवीन एवं बेहतर कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करने में सहायता करना है जिससे कार्यक्रमों का त्वरित एवं प्रभावकारी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

बिहार कौशल विकास मिशन, श्रम संसाधन विभाग, नियोजन भवन, बेली रोड, बिहार, पटना के अन्तर्गत निम्नांकित पदों पर संविदा आधारित नियोजन हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया जाता है:–

| क्र0. | पदनाम | पदों की संख्या | न्यूनतम शैक्षणिक प्रशासनिक योग्यता | न्यूनतम अनुभव | अधिकतम आयु सीमा | वेतनमान | नियुक्ति का प्रकार | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रशासी पदाधिकारी | 01 | राज्य सेवा से प्रतिनियुक्त/ संविदा (राज्य सेवा के सेवा निवृत संयुक्त सचिव/ अपर जिला दंडाधिकारी स्तर या इससे ऊपर के पदाधिकारी) | कौशल उन्नयन के क्षेत्र में कार्य अनुभव को प्राथमिकता | 60 वर्ष (सेवा निवृत पदा0 के मामले में 65 वर्ष) | पे बैंड–4<br><br>(37,400–67000). 8,700/– ग्रेड पे अथवा संविदा की स्थिति में राज्य सरकार के द्वारा निर्धारित निति के अनुरूप | बिहार सरकार से नियुक्त अथवा (राज्य सेवा के सेवा निवृत संयुक्त सचिव स्तर /अपर जिला दंडाधिकारी स्तर या इससे ऊपर के पदाधिकारी | सेवा निवृत पदाधिकारियों के मामले में वैसे पदा0 जिन्हें कौशल विकास कार्यक्रम में कार्य करने का कम से कम एक वर्ष का अनुभव हो, उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी तथा उनके पारिश्रमिक का निर्धारण सरकार द्वारा निर्धारित अनुदेश के अनुरूप होगा। पूर्व में सेवा निवृत पदा0 का प्रावधान नहीं था। |
| 2. | मिशन प्रबंधक, (लेखा एवं वित्त) | 01 | राज्य सेवा के रू–7,600/– एवं इससे ऊपर ग्रेड–पे के पदाधिकारी | कौशल उन्नयन के क्षेत्र मे अनुभव को प्राथमिकता | 65 वर्ष | | संविदा पर महालेखाकार से सेवा निवृत/ बिहार प्रशासनिक सेवा के अपर जिला दण्डाधिकारी एवं उससे ऊपर स्तर के पदाधिकारी | सेवानिवृत पदाधिकारियों के लिए पारिश्रमिक राज्य सरकार के द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुरूप |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3. | मिशन प्रबंधक, (कार्यक्रम क्रियान्वयन) | 01 | राज्य सेवा के रू–7,600/– एवं इससे ऊपर ग्रेड–पे के पदाधिकारी | कौशल विकास के क्षेत्र में कार्य करने का कम से कम एक वर्ष का अनुभव अनुभव | 65 वर्ष | | संविदा राज्य सेवा के अपर समाहर्त्ता एवं ऊपर के पदाधिकारी | सेवानिवृत पदाधिकारियों के लिए पारिश्रमिक राज्य सरकार के द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुरूप |
| 4. | मिशन प्रबंधक, (समन्वय) | 01 | राज्य सेवा के रू–7,600/– एवं इससे ऊपर ग्रेड–पे के पदाधिकारी | सम्बन्धित कार्य क्षेत्र में दो वर्षों का कार्य अनु. भव कौशल उन्नयन के क्षेत्र में कार्य अनुभव को प्राथमिकता | 65 वर्ष | | संविदा राज्य सेवा के अपर समा. हर्त्ता एवं ऊपर के पदाधिकारी | सेवानिवृत पदाधिकारियों के लिए पारिश्रमिक राज्य सरकार के द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुरूप |
| 5 | कौशल विक. ास परामर्शी (नियोजन) | 01 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एम0बी0ए0/ पी0जी0डी0एम0 | मानव संसाधन क्षेत्र में 3 वर्षों का अनुभव | 45 वर्ष | 40,000/– प्र. तिमाह (फिक्सड) प्रति वर्ष 5 प्रतिशत की वृद्धि | संविदा पर | |
| 6 | कौशल विक. ास परामर्शी (प्रशिक्षण एवं समर्थन) | 01 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एम0बी0ए0/ पी0जी0डी0एम0 | मानव संसाधन क्षेत्र में 3 वर्षों का अनुभव | 45 वर्ष | 40,000/– प्रतिमाह (फिक्सड) प्रति वर्ष 5 प्रतिशत की वृद्धि | संविदा पर | |
| 7 | कौशल विक. ास परामर्शी (समन्वय) | 01 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री–व्यवसायिक डिग्री धारकों को प्राथमिकता | संबंधित कार्य क्षेत्र में 3 वर्षो का अनुभव। | 45 वर्ष | 40,000/– प्रतिमाह (फिक्सड) प्रति वर्ष 5 प्रतिशत की वृद्धि | संविदा पर | |
| 8 | कौशल विक. ास परामर्शी (योजना) | 01 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सांख्यिकी अथवा अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री | योजना सम्बन्धी कार्यक्षेत्र में 3 वर्षों का अनुभव | 45 वर्ष | 40,000/– प्रतिमाह (फिक्सड) प्रति वर्ष 5 प्रतिशत की वृद्धि | संविदा पर | |
| 9 | लेखा प्रबंधक | 01 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी0कॉम/सी0ए0 इण्टर की डिग्री, Tally की जानकारी अनिवार्य (कंप्यूटर में एम0एस0 ऑफिस का ज्ञान अनिवार्य) | न्यूनतम 3 वर्षो का लेखा संधारण का अनुभव। | 45 वर्ष | 30,000/– प्र. तिमाह (फिक्सड) प्रति वर्ष 5 प्रतिशत की वृद्धि | संविदा पर | |

# आवेदन की प्रक्रिया

आवेदक https://online.bih.nic.in/BSDM/Default.aspx लिंक के माध्यम से अपना आवेदन कर सकते हैं।

नोटः– ऑनलाईन आवेदन दिनांक–08.02.2023 पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनांक–24.02.2023 के अपराह्न 11:59 बजे तक प्राप्त किया जाएगा।

## संविदा पर नियोजन हेतु पात्रता एवं शर्त्तेः–

☑ आवेदक भारत का नागरिक हो।

☑ उम्र सीमा–पहली जनवरी 2023 को न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 45 वर्ष है। क्रमांक–01,02,03 एवं 04 के लिए अधिकतम उम्र सीमा 65 वर्ष होगी। बिहार सरकार के द्वारा समय–समय पर प्रवृत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग अभ्यर्थियों तथा पूर्व सैन्य कर्मियों को नियमानुसार न्यूनतम उम्र सीमा छूट अनुमान्य होगी।

☑ Short listing की प्रक्रिया में सिर्फ उन आवेदको के आवेदनों को सम्मिलित किया जायेगा, जो निर्धारित अर्हत्ता को पूरा करते हैं और जिन्होने आवेदन के साथ आवश्यक प्रमाण पत्रों को संलग्न किया है।

☑ अंतर्वीक्षा के उपरांत तैयार मेरिट लिस्ट क्रमांक 1 को योगदान के लिए बुलावा पत्र निर्गत किया जायेगा। उनके द्वारा पद पर योगदान नहीं किये जाने के फलस्वरुप प्रतीक्षारत अभ्यर्थी को बुलावा पत्र प्रेषित किया जायेगा। प्रतीक्षासूची 1 (एक) वर्ष के लिए मान्य होगी।

☑ विज्ञापन में निर्धारित योग्यता न्यूनतम है, जिसके आधार पर कोई भी अभ्यर्थी चयन का दावा नहीं करेंगे।

☑ चयनित अभ्यर्थी से आवश्यकतानुसार बिहार कौशल विकास मिशन/सक्षम प्राधिकार द्वारा किसी भी प्रकार का कार्य संपादित कराया जा सकता है।

☑ संविदा पर नियोजन के पूर्व चयनित अभ्यर्थी को बिहार कौशल विकास मिशन के साथ एक एकरारनामा करना होगा।

☑ संविदा के आधार पर नियोजित उपर्युक्त सभी कर्मियों की कार्य अवधि 3 (तीन) वर्ष की होगी।

☑ सेवा संतोषजनक पाये जाने की स्थिति में बिहार कौशल विकास मिशन, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना उनका सेवा विस्तार कर सकता है।

☑ संविदा के आधार पर नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और न ही सरकारी सेवकों को अनुमान्य किसी भी सुविधा के हकदार माने जायेगें।

☑ संविदा पर नियोजित कर्मी स्थायीकरण/नियमितीकरण का दावा नहीं करेगें और न ही वे इसके पात्र होंगे।

☑ संविदा पर नियोजित कर्मियों पर प्रशासनिक नियंत्रण बिहार कौशल विकास मिशन, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना का होगा।

☑ समय सीमा के बाद कोई आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

☑ बिहार कौशल विकास मिशन को बिना किसी कारण बताये, कभी भी चयन प्रकिया को बदलने, संशोधित अथवा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

☑ ऑनलाईन आवेदन दिनांक–24.02.2023 के अपराह्न 11:59 बजे तक प्राप्त किया जाएगा।

☑ किसी भी परिस्थिति में ऑफलाईन आवेदन प्राप्त नहीं किया जाएगा। त्रुटिपूर्ण आवेदन और निर्धारित समय के उपरान्त प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

मिशन निदेशक<br>
बिहार कौशल विकास मिशन<br>
श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना।